कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र ,मीरजापुर

पत्रांक- 3650 /मीरजापुर/ 33 दिनांक, मीरजापुर, दिसम्बर 18, 2017

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ ।

विषय— जनपद—मीरजापुर में उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा 132 के0वी0 जिगना दादर कला पारेषण लाइन के निर्माण हेतु 6.5475 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 02 वृक्षो के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भ— आपका पत्र संख्या—1598/11—सी—एफ.पी. /यू0पी0/Trans /24154/2017 दिनांक 14.12.2017।

महोदय,

जनपद—मीरजापुर में उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा 132 के0वी0 जिगना दादर कला पारेषण लाइन के निर्माण हेतु 6.5475 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 02 वृक्षो के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पत्र सं0 8बी/04/50/2017/एफ.सी./668 दिनांक 07.12.1017 द्वारा पत्र में उल्लिखित कमियों का निवारण कर प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर ने अपने कार्यालय के पत्र संख्या—2475/मीरजापुर/15 दिनांक 18.12.2017 द्वारा मय अपेक्षित संलग्नक सहित इस कार्यालय को निम्न प्रकार उपलब्ध कराया गया है :—

क्र0सं0	आपत्तियों का विवरण	निस्तारण
1.	राज्य सरकार द्वारा कार्यालय के समसंख्यक पत्र दि0 14.08.2017 द्वारा चाही गयी बिन्दुवार सूचना के बिन्दु सं0—5 की अनुपालन में आख्या नहीं उपलब्ध करायी गयी है।	बिन्दु सं0—05 के अनुपालन में प्रस्तावक संस्था द्वारा विकल्पों में सन्निहत आरक्षित वन भूमि की गणना कर दी गयी है एवं जीओ. कोआर्डिनेटस भी अंकित कर दिया गया है, जो 5 प्रतियों में संलग्न है।
2.	प्रस्ताव में प्रस्तुत की गयी SOI Toposheet मूल रूप में प्रस्तुत नहीं की गयी है।	SOI Toposheet (05 सेट) मूल रूप में प्रेषित है।

अतः प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग द्वारा प्रश्नगत के सम्बन्ध में प्रेषित बिन्दुवार आख्या एतद् सह संलग्नकर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक—उपरोक्तानुसार

भवदीय
18/12/17
(डा0प्रभाकर दूबे)
मुख्य वन संरक्षक,
मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर

संख्या— अ/समदिनांक

1. प्रतिलिपि प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
2. प्रतिलिपि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत प्रेषण खण्ड, उ0प्र0 पा0 ट्रा0 का0 लि0, मीरजापुर को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डा0प्रभाकर दूबे)
मुख्य वन संरक्षक,
मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर

D:\J d DRIVER\Setelment\setelment drafting\saptahiki.doc